रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** पाइप A और B एक खाली टंकी को क्रमशः 72 मिनट और 76 मिनट में भर सकते हैं। पाइप A और पाइप B दोनों को एक साथ खोला जाता है। कितने समय बाद पाइप B को बंद कर देना चाहिए जिससे खाली टंकी कुल 54 मिनट में पूरी तरह भर जाए?

**Ans**
✗ 1. 23 मिनट
✗ 2. 13 मिनट
✓ 3. 19 मिनट
✗ 4. 17 मिनट

**Q.2** जनशक्ति में कमी के कारण, एक कारखाने में उत्पादन 12% कम हो जाता है। मूल उत्पादन को बहाल करने के लिए कार्य घंटों को कितने प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) बढ़ाया जाना चाहिए?

**Ans**
✗ 1. 12.33%
✗ 2. 16.67%
✗ 3. 23.23%
✓ 4. 13.64%

**Q.3** भारतीय संविधान के $42^{वें}$ संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा राज्य नीति का कौन-सा निर्देशक सिद्धांत नहीं जोड़ा गया है?

**Ans**
✗ 1. पर्यावरण, वन और वन्य जीवन का संरक्षण
✓ 2. सहकारी समितियों पर लोकतांत्रिक नियंत्रण को बढ़ावा देना
✗ 3. समान न्याय को बढ़ावा देना तथा गरीबों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना
✗ 4. उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना

**Q.4** एशिया U-18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में लड़कों की शॉटपुट स्पर्धा में निश्चय की उपलब्धि क्या थी?

**Ans**
✗ 1. 20.23 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक
✗ 2. 18.50 मीटर के थ्रो के साथ चौथा स्थान
✗ 3. 18.93 मीटर की थ्रो के साथ कांस्य पदक
✓ 4. 19.59 मीटर की थ्रो के साथ रजत पदक

**Q.5** SDG इंडिया इंडेक्स 2023-24 में केंद्र शासित प्रदेशों (UTs) द्वारा प्राप्त सम्मिश्र स्कोर की रेंज क्या है?

**Ans**
✓ 1. 65 से 77
✗ 2. 70 से 80
✗ 3. 75 से 85
✗ 4. 60 से 75

**Q.6** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

48 ÷ 14 − 168 × 3 + 47 =?

Ans
1. 671
2. 691
3. 661
4. 681 ✔

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, भारत के महान पठार (प्रायद्वीपीय पठार) की प्रमुख नदी नहीं है?

Ans
1. यमुना ✔
2. नर्मदा
3. कृष्णा
4. गोदावरी

**Q.8** 2025 में, विक्रम 3201 और कल्पना 3201 का विकास किस पहल से संबंधित है?

Ans
1. मेक इन इंडिया अभियान ✔
2. डिजिटल इंडिया अभियान
3. स्मार्ट सिटी मिशन
4. स्टार्ट-अप इंडिया पहल

**Q.9** सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। B और G के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। E के ऊपर केवल C को रखा गया है। G के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। D को F के नीचे किसी स्थान पर लेकिन A के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। F के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. 3
2. 5
3. 2
4. 4 ✔

**Q.10** कृषि के विकास के लिए मुहम्मद तुगलक द्वारा खोले गए नए विभाग का नाम क्या था?

Ans
1. दीवान-ए-कोही (Diwan-i-Kohi) ✔
2. दीवान-ए-विज़ारत (Diwan-i-Wizarat)
3. दीवान-ए-कज़ा (Diwan-i-Qaza)
4. दीवान-ए-रिसालत (Diwan-i-Risalat)

**Q.11** यदि द्विघात समीकरण $x^2 - 8x + P = 0$ और $x^2 + 4x + Q = 0$ का सार्व मूल 3 है, तो P + Q का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 6
2. −6 ✔
3. −3
4. 3

**Q.12** सुभाष चंद्र बोस के कार्यभार संभालने से पहले 'इंडियन नेशनल आर्मी' का नेता कौन था?

Ans
1. मोहन सिंह ✔
2. शाह नवाज खान
3. प्राण नाथ थापर
4. जियाउर रहमान

Q.13 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

**BORE - EOBR - ORBE**
**RUST - TURS - USRT**

Ans
1. CALE - ACLE - EALC
2. DOIR - DIOR - RIOD
3. TORN - NOTR - ROTN
4. JUSL - LUJS - USJL

Q.14 ईस्ट इंडिया कंपनी के निम्नलिखित में से किस एक्ट द्वारा यह अनिवार्य किया गया कि ब्रिटिश भारतीय क्षेत्र में सिविल कर्मचारियों का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं के आधार पर होगा?

Ans
1. चार्टर एक्ट, 1793
2. चार्टर एक्ट, 1813
3. पिट्स इंडिया एक्ट, 1784
4. चार्टर एक्ट, 1853

Q.15 1991-92 और 2011-12 के बीच सुधारोत्तर अवधि के दौरान खनन, विनिर्माण और बिजली सहित उद्योगों की औसत वार्षिक वृद्धि दर क्या थी?

Ans
1. 8.5%
2. 7.5%
3. 5.5%
4. 6.7%

Q.16 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

**(बाएं) 6 £ & 8 4 * % 7 2 & 2 2 9 £ 1 & € 1 2 6 6 2 (दाएं)**

ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
1. 1
2. 3
3. 0
4. 2

Q.17 दिसंबर 2024 में, किस औद्योगिक कंपनी को 'कार्य करने के लिए बेहतरीन जगह (Great Place to Work)' के रूप में प्रमाणित किया गया?

Ans
1. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL)
2. स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL)
3. नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (NTPC)
4. गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (GAIL)

Q.18 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत उच्च न्यायालय रिट जारी करके अपने मूल क्षेत्राधिकार का उपयोग करता है?

Ans
1. अनुच्छेद 245
2. अनुच्छेद 231
3. अनुच्छेद 226
4. अनुच्छेद 32

**Q.19** M, N, O, P, Q, R और X एक गोलाकार मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q के दाएं से गिनने पर Q और R के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। Q, X के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। P, M के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। N, R और X का निकटतम पड़ोसी है। O के दाएं से गिनने पर O और N के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✔ 1. दो
✘ 2. तीन
✘ 3. एक
✘ 4. चार

**Q.20** एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
'A − B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M × N − O + P ÷ Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
✘ 1. पिता के भाई की पुत्री
✔ 2. पिता के भाई की पत्नी
✘ 3. माता के भाई की पुत्री
✘ 4. माता के भाई की पत्नी

**Q.21** B, C, D, E, F, G और H में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। B के बाद केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा होती है। B और C के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा होती है। F की परीक्षा, E से ठीक पहले होती है और H की परीक्षा, G के ठीक बाद होती है। H की परीक्षा, F से कुछ दिन पहले होती है। D की परीक्षा किस दिन होती है?

Ans
✘ 1. रविवार
✘ 2. गुरुवार
✔ 3. सोमवार
✘ 4. मंगलवार

**Q.22** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

222 194 166 138 110 82 ?

Ans
✔ 1. 54
✘ 2. 60
✘ 3. 66
✘ 4. 42

**Q.23** यदि संख्या 753814 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी सम अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
✘ 1. 18
✘ 2. 16
✔ 3. 20
✘ 4. 24

Q.24 विश्व व्यापार संगठन (WTO) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1. WTO समझौते, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए वस्तुओं के साथ-साथ सेवाओं में व्यापार को भी कवर करते हैं।
2. इसका उद्देश्य टैरिफ के साथ-साथ नॉन-टैरिफ बाधाओं को दूर करना और सभी सदस्य देशों को अधिक बाजार पहुंच प्रदान करना है।
3. भारत ने आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध हटाकर और टैरिफ दरों को कम करके, WTO में किए गए व्यापार के उदारीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को बनाए रखा है।

Ans
✗ 1. केवल 1 और 2
✗ 2. केवल 1 और 3
✗ 3. केवल 2 और 3
✓ 4. 1, 2 और 3

Q.25 किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के महासागर, नदी, वायुमंडल एवं भूमि विज्ञान केंद्र (CORAL) ने अपने शोध में पाया कि सतही ओजोन प्रदूषण भारत की कृषि को प्रभावित करने वाला एक गंभीर मुद्दा बनकर उभरा है?

Ans
✓ 1. IIT खड़गपुर
✗ 2. IIT कानपुर
✗ 3. IIT गुवाहाटी
✗ 4. IIT मुम्बई

Q.26 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

TCL ZIR FOX LUD ?

Ans
✗ 1. ARJ
✓ 2. RAJ
✗ 3. AJR
✗ 4. RJA

Q.27 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹15,255 है। यदि उनके मूल्य 3 : 5 : 7 के अनुपात में हैं, तो सबसे सस्ती वस्तु का मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
✓ 1. 9,153
✗ 2. 3,051
✗ 3. 5,085
✗ 4. 7,119

Q.28 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 8 * * $ # 4 5 © © @ * 7 @ # & © 6 1 £ 9 8 4 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 3
✗ 3. 1
✓ 4. 2

Q.29 यूनेस्को द्वारा आयोजित NGO के 2024 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय क्या था?

Ans
✗ 1. उपलब्धि के लिए क्षमता निर्माण
✓ 2. कार्रवाई के लिए क्षमता निर्माण
✗ 3. कार्रवाई के लिए उपागम्यता निर्माण
✗ 4. नवाचार के लिए क्षमता निर्माण

**Q.30** तीन व्यक्ति P, Q और R ने 11 : 8 : 20 के अनुपात में अपने हिस्सों के साथ एक व्यवसाय शुरू किया। 9 महीने बाद, Q ने अपना 35% हिस्सा वापस ले लिया, जबकि R ने वर्ष पूरा होने से 7 महीने पहले अपना 14% हिस्सा वापस ले लिया। यदि वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹40,700 है, तो लाभ में R का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 20,246
- ✗ 2. 20,529
- ✓ 3. 20,387
- ✗ 4. 20,606

**Q.31** 6 संख्याओं का योग 288 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 46
- ✓ 2. 48
- ✗ 3. 47
- ✗ 4. 49

**Q.32** श्रीमान U बिंदु F से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 2 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु O पर रुक जाता है। बिंदु F पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ 1. 8 km, पूर्व की ओर
- ✗ 2. 6 km, पश्चिम की ओर
- ✓ 3. 6 km, उत्तर की ओर
- ✗ 4. 4 km, दक्षिण की ओर

**Q.33** 2024 में शुरू की गई NPS वात्सल्य योजना का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. सभी आयु समूहों के लिए मौजूदा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) को बदलना
- ✗ 2. असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पेंशन लाभ का समर्थन करना
- ✓ 3. विशेष रूप से नाबालिगों के लिए बचत-सह-पेंशन योजना की पेशकश करना
- ✗ 4. ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करना

**Q.34** एक व्यापारी को एक शर्ट ₹950 में बेचने पर 5% की हानि होती है। उसे इसे ₹1,340 में बेचने पर x% का लाभ होगा। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 24
- ✗ 2. 49
- ✓ 3. 34
- ✗ 4. 44

**Q.35** ________________ के कारण 17वीं शताब्दी में कोरोमंडल तट पर डच ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

Ans
- ✗ 1. क्षेत्र में ब्रिटिश प्रभाव की कमी और पतन
- ✗ 2. गोवा और सूरत में व्यापारिक चौकियों की स्थापना
- ✓ 3. दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजारों से वस्त्र की मांग में वृद्धि
- ✗ 4. श्वेत विद्रोह के परिणाम

**Q.36** प्रत्येक 25 m कोर वाले एक घन का आयतन ($m^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 15,664
- ✓ 2. 15,625
- ✗ 3. 15,529
- ✗ 4. 15,583

Q.37 एक सीढ़ी दीवार के सहारे इस प्रकार टिकी हुई है कि वह भूमि से 60° का कोण बनाती है। यदि सीढ़ी की लंबाई 10 मीटर है, तो सीढ़ी का पाद दीवार से कितनी दूरी पर है?

Ans
✔ 1. 5 मीटर
✗ 2. 10 मीटर
✗ 3. 8 मीटर
✗ 4. 6 मीटर

Q.38 बुकर 2024 के लिए लघुसूचित, रेचल कुशनर (Rachel Kushner) के उपन्यास का नाम क्या है?

Ans
✗ 1. द प्लस वन
✗ 2. अ ब्रश विद लव
✔ 3. क्रिएशन लेक
✗ 4. लिजी ब्लेक'स बेस्ट मिस्टेक

Q.39 एक पाइप टैंक को 19 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 21 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को खाली टैंक पर एक साथ संचालित किया जाए, तो टैंक का दो-तिहाई भाग भरने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

Ans
✗ 1. 399
✔ 2. 133
✗ 3. 266
✗ 4. 532

Q.40 निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।
78, 75, 86, 90, 83, 86, 74, 70, 67, 90, 81, 64, 83, 78, 90, 66, 60, 87, 72, 78, 66, 78, 84, 68, 66, 85, 78

Ans
✗ 1. 86
✗ 2. 90
✔ 3. 78
✗ 4. 75

Q.41 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, विंडोज डेस्कटॉप इंटरफ़ेस में टास्कबार के मुख्य उद्देश्य को संदर्भित करता है?

Ans
✗ 1. यह डॉक्यूमेंट और मीडिया फ़ाइलों को स्टोर करता है।
✔ 2. यह ओपेन और अक्सर उपयोग किए जाने वाले प्रोग्राम तक एक्सेस प्रदान करता है।
✗ 3. यह वेब ब्राउज़र शॉर्टकट डिस्प्ले करता है।
✗ 4. यह उपयोगकर्ता लॉगिन विवरण मैनेज करता है।

Q.42 निम्नलिखित में से कौन-सी नृत्य शैली राधा और कृष्ण की प्रेम कहानियों को प्रदर्शित करती है?

Ans
✗ 1. मटकी
✗ 2. कालबेलिया
✔ 3. रासलीला
✗ 4. गिद्दा

Q.43 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 43 और 32 दोनों से विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 135131
✗ 2. 137005
✗ 3. 137868
✔ 4. 136224

Q.44 जनवरी 2025 में, भारत द्वारा भाग लिए गए अभ्यास LA PEROUSE के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. भारतीय नौसेना ने INS मुंबई- एक निर्देशित मिसाइल विध्वंसक, के साथ अभ्यास के चौथे संस्करण में भाग लिया।
2. यह अभ्यास अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास भारतीय समुद्री सीमा में आयोजित किया गया था।
3. भारत की भागीदारी इंडो-पैसिफिक में समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपने SAGAR विजन के अनुरूप है।
4. यह भारत और इंडोनेशिया के बीच विशेष रूप से आयोजित एक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

Ans
1. केवल 1, 3 और 4
2. केवल 1 और 3
3. केवल 1, 2 और 4
4. केवल 2 और 3

Q.45 इस प्रश्न में, संख्याओं के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षरों और प्रतीकों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है।

| संख्या | 7 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | Z | Q | * | @ | % | $ | T |

शर्तें:
1. यदि पहला और दूसरा अंक सम है, तो दोनों को 'A' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
2. यदि पहला और अंतिम अंक विषम है, तो दोनों को पहले अंक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
3. यदि तीसरा और चौथा अंक सम है, तो उनके कूट को आपस में बदला जाना है।

निम्नलिखित अंकों के लिए कूटों का सही संयोजन (केवल उपयुक्त शर्त/शर्तों का अनुसरण करके) क्या होगा?

71628

Ans
1. Z J T T Q
2. Z J * * Q
3. Z J * T Q
4. Z J T * Q

Q.46 भारत का प्रादेशिक जल, आधार रेखा से कितने समुद्री मील तक फैला हुआ है?

Ans
1. 200
2. 24
3. 12
4. 100

Q.47 एक निश्चित कूट भाषा में, 'HIRE' को '7539' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'INKS' को '2496' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 2
2. 5
3. 9
4. 6

Q.48 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : IPJ :: NUO : %

Ans
1. # = KRJ, % = NSM
2. # = KRL, % = NRM
3. # = KRL, % = LSM
4. # = KRL, % = NSL

Q.49 $\frac{(19^{19} \times 7^9 \times 35^7)}{(19^{18} \times 7^8 \times 35^6)}$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 4660
2. 4655
3. 4661
4. 4654

Q.50 तीन संख्याएँ 5 : 1 : 7 के अनुपात में हैं, और उनका LCM, 7595 है। उनका HCF ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 259
2. 236
3. 217
4. 208

Q.51 किसी आंकड़ा समुच्चय का बहुलक उसके माध्य से 17.7 अधिक है, तो बहुलक, माध्यिका से _____ अधिक है।
(मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करें।)

Ans
1. 9.8
2. 4.8
3. 11.8
4. 15.4

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. GN-LS
2. TA-YE
3. BI-GN
4. HO-MT

Q.53 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P के दाईं ओर से गिनने पर P और T के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। T और V के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। P और Q के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। R, U के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। Q के बाईं ओर से गिनने पर Q और U के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
1. 3
2. 1
3. 4
4. 2

Q.54 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. GC−ZV
2. RN−KG
3. CY−VR
4. LH−DC

Q.55 ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में शामिल हस्तक्षेपों में से एक क्या है?

Ans
1. बिना संपर्क वाले गांवों को सड़क संपर्क प्रदान करना
2. शहरी हवाई अड्डों का विकास
3. मेट्रो रेल का विस्तार
4. गगनचुंबी इमारतों का निर्माण

**Q.56** निम्नलिखित संख्या-प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) & 2 6 9 5 7 & € 9 * % £ 7 © 5 3 3 @ 2 © % # (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

**Ans**
- ✔ 1. 3
- ✘ 2. 4
- ✘ 3. 2
- ✘ 4. 5

**Q.57** A की आयु, और B की आयु के 4 गुने का योग 37 वर्ष है। जब A की आयु के 7 गुने को, B की आयु के 6 गुने में जोड़ा जाता है, तो परिणाम 61 वर्ष होता है। A और B की आयु का योग (वर्ष में) कितना है?

**Ans**
- ✘ 1. 7
- ✘ 2. 11
- ✔ 3. 10
- ✘ 4. 6

**Q.58** ABCD एक चतुर्भुज है जिसमें AB ‖ DC है, तथा E और F क्रमशः विकर्ण AC और BD के मध्य बिंदु हैं।

यदि AB = 14 cm, BC = 73 cm, DC = 90 cm और AD = 22 cm है, तो EF की लंबाई (cm में) कितनी है?

**Ans**
- ✘ 1. 42
- ✔ 2. 38
- ✘ 3. 34
- ✘ 4. 43


**Q.59** CK 17 एक निश्चित तरीके से EG 29 से संबंधित है। उसी तरह KM 12, MI 24 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, PQ 16 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✘ 1. TV 29
- ✘ 2. PR 11
- ✘ 3. SP 33
- ✔ 4. RM 28

**Q.60** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्यों को अंतर्राष्ट्रीय विवादों को मध्यस्थता द्वारा निपटाने के निर्देश दिए गए हैं?

**Ans**
- ✘ 1. अनुच्छेद 51c
- ✘ 2. अनुच्छेद 51b
- ✔ 3. अनुच्छेद 51d
- ✘ 4. अनुच्छेद 51e

Q.61 दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।




विभिन्न खंडों की संख्याएँ, व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं। ऐसे कितने सर्जन हैं जो आहारविद् भी हैं लेकिन नाई नहीं?

Ans
1. 15
2. 18
3. 9
4. 22

Q.62 2100 m की वृत्ताकार दौड़ में, अमित 42 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है और सुमित 75 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि वे विपरीत दिशाओं में दौड़ रहे हैं, तो परिधि पर कितने अलग-अलग मिलन बिंदु हैं?

Ans
1. 29
2. 49
3. 39
4. 38

Q.63 नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प $216x^3 + 343y^3 + 756x^2y + 882xy^2$ के समतुल्य है?

Ans
1. $(8x + 7y)^3$
2. $(7x + 6y)^3$
3. $(6x + 10y)^3$
4. $(6x + 7y)^3$

Q.64 अपनी सामान्य चाल की $\frac{4}{5}$ चाल से चलते हुए विशाल अपने कार्यालय 25 मिनट की देरी से पहुंचता है। उसे अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में सामान्यतः कितना समय लगता है?

Ans
1. 103 मिनट
2. 92 मिनट
3. 100 मिनट
4. 104 मिनट

Q.65 कौन-सी प्रमुख खोज जठर अत्यम्लता (hyperacidity) के उपचार में दवाओं के निर्माण में सहायक होती है?

Ans
1. पाचन में एंजाइमों की भूमिका
2. पेट के एसिड को बेअसर करने के लिए एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग
3. हिस्टामाइन पेट में एसिड स्राव को उत्तेजित करता है
4. पेट में मौजूद हाइड्रोक्लोरिक एसिड

Q.66 ज्वार और चने के बाजार मूल्य का अनुपात 2 : 5 है तथा एक परिवार में उपभोग की गई उनकी मात्रा का अनुपात 4 : 7 है। ज्वार और चने के व्यय का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 8 : 35
2. 9 : 36
3. 37 : 10
4. 1 : 2

**Q.67** उत्तराखंड में पाई जाने वाली निम्नलिखित में से कौन-सी वनवासी जनजाति, मौसमी प्रवास और वन-आधारित मवेशी पशु चारण के लिए जानी जाती है?

**Ans**
1. थारू (Tharu)
2. गद्दी (Gaddi)
3. वन गुज्जर (Van Gujjar)
4. भील (Bhil)

**Q.68** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**302 300 296 290 282 ?**

**Ans**
1. 268
2. 270
3. 274
4. 272

**Q.69** यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**45 – 2 ÷ 9 + 16 × 8 = ?**

**Ans**
1. 97
2. 80
3. 100
4. 87

**Q.70** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर GQCN एक निश्चित तर्क के अनुसार LNHK से संबंधित है। QKMH उसी तर्क के अनुसार VHRE से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए AEWB दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
1. FABX
2. FBBY
3. EBCX
4. GCAZ

**Q.71** कितनी धनराशि (₹ में) 4% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 3 वर्षों में ₹840 हो जाएगी?

**Ans**
1. 7,000
2. 800
3. 700
4. 750

**Q.72** $10 \times (24 - 12) + \left(\frac{165}{33}\right)$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 127
2. 125
3. 122
4. 126

**Q.73** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

**KP23, LQ32, MR41, NS50, ?**

**Ans**
1. OT58
2. OW59
3. OW58
4. OT59

**Q.74** एक खुदरा विक्रेता, वस्तु पर खरीदारों के लिए निम्नलिखित छूट स्कीमें प्रदान करता है।
I. 27% की दो क्रमिक छूट
II. 7% की छूट के बाद 6% की एक अन्य छूट
III. 45% और 29% की क्रमिक छूट
IV. 20% की छूट के बाद 38% की एक अन्य छूट
किस स्कीम का विक्रय मूल्य अधिकतम होगा?

**Ans**
1. I
2. II ✔
3. III
4. IV

**Q.75** कौन-सा मामला सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 99वें संविधान संशोधन (NJAC) को रद्द करने से संबंधित है?

**Ans**
1. सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन केस (2015) ✔
2. मिनर्वा मिल्स केस (1980)
3. गोलकनाथ केस (1967)
4. केशवानंद भारती केस (1973)

**Q.76** उस समूह का चयन करें, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(19, 354, 7)
(9, 73, 8)

**Ans**
1. (39, 1510, 10)
2. (22, 481, 2)
3. (28, 778, 5)
4. (3, −10, 19) ✔

**Q.77** अप्रैल 2025 में, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के जवाब में अपनी मौद्रिक नीति के रुख को समायोजित किया। RBI द्वारा अपनाया गया नया रुख क्या था?

**Ans**
1. आक्रामक
2. तटस्थ
3. अनुकूल ✔
4. प्रतिबंधात्मक

**Q.78** 64% की छूट देने के बाद, एक वाटर कूलर का मूल्य ₹6,480 है। यदि कोई छूट नहीं दी जाती है, तो दुकानदार को 20% का लाभ होता है। वाटर कूलर का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 14,998
2. 14,999
3. 15,000 ✔
4. 14,997

**Q.79** घनत्व का सूत्र क्या है?

**Ans**
1. घनत्व = द्रव्यमान/आयतन ✔
2. घनत्व = आयतन/द्रव्यमान
3. घनत्व = द्रव्यमान × आयतन
4. घनत्व = भार/आयतन

**Q.80** **कंप्यूटर मेमोरी के संदर्भ में RAM और ROM के संबन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans
- ✗ 1. RAM को राइट (write) नहीं किया जा सकता, केवल रीड (read) किया जा सकता है।
- ✗ 2. RAM नॉन- वोलाटाइल है, जबकि ROM वोलाटाइल है।
- ✗ 3. ROM, RAM से तीव्रतर है।
- ✓ 4. RAM सक्रिय प्रोग्राम के लिए डेटा को अस्थायी रूप से संग्रहीत करता है, जबकि ROM फर्मवेयर को स्थायी रूप से संग्रहीत करता है।

**Q.81** **यदि 6 : 42 :: 7.6 : x और 3 : 6 :: 6 : y है, तो x और y का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

Ans
- ✗ 1. 134 : 28
- ✗ 2. 137 : 40
- ✗ 3. 135 : 32
- ✓ 4. 133 : 30

**Q.82** **प्लाज्मोडियम का कौन-सा अद्वितीय गुणधर्म मलेरिया को आवधिक ज्वर वाला एक चक्रीय रोग बनाता है?**

Ans
- ✗ 1. मच्छर के काटने से अनवरत प्रवेश
- ✗ 2. पर्यावरण से निरंतर पुनः संक्रमण
- ✗ 3. केवल यकृत कोशिकाओं का संक्रमण
- ✓ 4. RBC संविदार और प्रत्येक कुछ दिनों में आविष मोचन

**Q.83** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारत के कुछ भागों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान वर्षा के अस्थायी विराम की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?**

Ans
- ✗ 1. पूर्वी गर्त का विकास
- ✓ 2. मानसून में रुकावट
- ✗ 3. क्रॉस-इक्वेटोरियल सर्ज
- ✗ 4. उपोष्णकटिबंधीय जेट हस्तक्षेप

**Q.84** **MN और XY दो समान्तर रेखाएँ हैं, एक रेखा BK है जो इन रेखाओं को क्रमशः B और K बिंदुओं पर प्रतिच्छेद करती है।**
**यदि ∠NBK = 78°, तो ∠YKB की माप ज्ञात कीजिए।**

Ans
- ✓ 1. $102^{\circ}$
- ✗ 2. $82^{\circ}$
- ✗ 3. $92^{\circ}$
- ✗ 4. $72^{\circ}$

**Q.85** **MS-Excel 365 में किसी वर्कबुक को शीघ्रता से सेव करने के लिए किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?**

Ans
- ✗ 1. Ctrl + C
- ✓ 2. Ctrl + S
- ✗ 3. Ctrl + V
- ✗ 4. Ctrl + P

**Q.86** **यदि संख्या 7135624 में प्रत्येक सम अंक में 3 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में अंतिम दो तथा पहले दो अंकों का योगफल कितना होगा?**

Ans
- ✗ 1. 20
- ✗ 2. 22
- ✗ 3. 18
- ✓ 4. 24

**Q.87** ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप मॉनिटर (GEM) 2025 के अनुसार, किस देश में कुल प्रारंभिक चरण उद्यमशीलता गतिविधि (TEA) दर सबसे अधिक है?

**Ans**
1. ब्राज़ील
2. भारत
3. संयुक्त राज्य अमेरिका
4. संयुक्त अरब अमीरात

**Q.88** सरकार के अवसंरचना पर बल देने के कारण वित्त वर्ष 24 में सीमेंट उत्पादन में कितने प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई?

**Ans**
1. 5%
2. 11%
3. 7%
4. 9%

**Q.89** A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचलो तल का नंबर 1 है, उसके ऊपर के तल का नंबर 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर के तल का नंबर 6 है। C एक ऐसे तल पर रहता है जो एक अभाज्य संख्या है। C और B जिन तलों पर रहते हैं उनका गुणनफल 8 है। E, F के ठीक ऊपर रहता है। B और D जिन तलों पर रहते हैं उनका योग 7 है। A और D के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans**
1. 3
2. 1
3. 4
4. 2

**Q.90** एक व्यक्ति अपनी मासिक आय का 75% खर्च करता है, वह प्रति माह ₹5,538 बचाता है। उसका मासिक व्यय (₹ में) कितना है?

**Ans**
1. 16,539
2. 16,589
3. 16,688
4. 16,614

**Q.91** एक निश्चित कूट भाषा में, 'QBOE' को '76' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'DWIJ' को '69' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'YAPC' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
1. 69
2. 72
3. 70
4. 74

**Q.92** पुस्तक 'छौंक: ऑन फ़ूड, इकोनॉमिक्स एंड सोसाइटी (Chhaunk: On Food, Economics and Society)' निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखी गई है?

**Ans**
1. अभिजीत बनर्जी
2. सुब्रमण्यम स्वामी
3. शक्तिकांत दास
4. रघुराम राजन

**Q.93** टाउन J, टाउन K के उत्तर में है। टाउन K, टाउन L के पूर्व में है। टाउन L, टाउन M के पश्चिम में है। टाउन M, टाउन N के दक्षिण में है। टाउन J, टाउन N के दक्षिण-पश्चिम में है। टाउन M के संबंध में टाउन K की स्थिति क्या है?

**Ans**
1. दक्षिण
2. पूर्व
3. पश्चिम
4. उत्तर

Q.94 किसी निश्चित राशि पर 17% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों के साधारण ब्याज और वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज के बीच का अंतर ₹967 है। राशि ज्ञात करें [निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें]।

Ans
1. ₹33,473
2. ₹33,480
3. ₹33,460 ✔
4. ₹33,454

Q.95 माइकल मधुसूदन दत्त द्वारा 1849 में प्रकाशित उस काव्य संग्रह का शीर्षक क्या है, जिसमें पृथ्वीराज चौहान की जीवनगाथा वर्णित है?

Ans
1. द वरियर'स टेल
2. इकोस ऑफ राजपूतना
3. द नोबल किंग
4. द कैपटिव लेडी ✔

Q.96 उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी भुजाएँ 8 cm, 9 cm और 13 cm हैं। (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)

Ans
1. 35.50 $cm^2$ ✔
2. 35.03 $cm^2$
3. 35.85 $cm^2$
4. 35.97 $cm^2$

Q.97 MS वर्ड 365 में, कौन सा फीचर उपयोगकर्ताओं को विभिन्न बुलेट स्टाइल या प्रतीकों का चयन करके और उनके आकार और रंग को संशोधित करके बुलेटेड सूचियों की उपस्थिति को कस्टमाइज करने की सुविधा देता है?

Ans
1. फ़ॉर्मेट पेंटर
2. लिस्ट स्टाइल
3. लाइन स्पेसिंग
4. बुलेट लाइब्रेरी ✔

Q.98 निम्नलिखित में से किसने बाजार सुधारों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक अधीक्षक (शहना-ए-मंडी) की नियुक्ति की?

Ans
1. उलुग खान
2. रजिया सुल्तान
3. अलाउद्दीन खिलजी ✔
4. मुहम्मद गौरी

Q.99 जब आप विंडोज़ पर कोई फ़ाइल डिलीट करते हैं और इसे रीसायकल बिन में रखा जाता है, तो निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
1. फ़ाइल को राइट-क्लिक करके और 'रिस्टोर' विकल्प का चयन करके रिस्टोर किया जा सकता है। ✔
2. फ़ाइल सिस्टम से स्थायी रूप से हटा दी जाती है और उसे रिस्टोर नहीं किया जा सकता।
3. फ़ाइल को सिस्टम के भण्डारण स्थान पर ले जाया जाता है, लेकिन स्थायी रूप से डिलीट किए जाने तक वह अप्राप्य रहती है।
4. फ़ाइल लॉक रहती है और उसे आगे एक्सेस या डिलीट नहीं किया जा सकता।

Q.100 निम्नलिखित में से किसने ब्रिटिश नील बागान मालिकों के विरुद्ध 'बारासात विद्रोह' के नाम से प्रसिद्ध सक्रिय असहयोग आंदोलन का नेतृत्व किया?

Ans
1. टीटू मीर (Titu Mir) ✔
2. सिद्धू मुर्मू (Sidhu Murmu)
3. दुद्दू मियां (Dudu Miyan)
4. हाजी शरीयतुल्लाह (Haji Shariatullah)